>

Title: Need for stringent action against postal officials found guilty for embezzlement R.D. Account and to refund the amount to depositors in Jalilpur, Bijnor district, Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : अध्यक्ष जी, श्रीकृष्णा इंटर कॉलिज, ग्राम जलीलपुर-चांदपुर, बिजनौर के अध्यापकों का प्रतिमाह, डाकखाने में, उनके वेतन से आरडी में पैसा जमा किया जाता था। लेकिन जब आरडी के मैच्योर होने का समय आया तो वहां के कर्मचारियों ने 25-30 लाख रुपया निकालकर गायब कर दिया और उन अध्यापकों का पैसा उन्हें वापस नहीं मिल रहा है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इसकी जांच की जाए और जो अधिकारी-कर्मचारी दोषी हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और निर्दोष अध्यापकों का पैसा सरकार उनको दिलाए। धन्यवाद।